मंत्री पटेल ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जिले की ग्राम पंचायत उमरिया, तिंदनी एवं नयाखेड़ा में आयोजित विभिन्न लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत उमरिया में आयोजित आवास पखवाड़ा कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने यहां 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र और 3 लाख 30 हजार रुपये लागत की सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इसके अलावा मंत्री श्री पटेल ने नाली निर्माण कार्य का उदघाटन किया। मंत्री श्री पटेल ने यहां आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन आज किया जा रहा है। शीघ्र ही यह निर्मित होकर संचालित होने लगेगा। इसके लिए आप

उमरिया, तिंदनी एवं नयाखेड़ा में आयोजित किए गए कार्यक्रम

सभी को बधाई। निर्माण पश्चात इस स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन की जिम्मेदारी आपकी है। यहां बच्चों एवं महिलाओं की विभिन्न जांचे, टीकाकरण, निशुल्क दवाईयों की उपलब्धता होगी, जिससे आपको अन्यत्र इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। भवन की सार्थकता तभी होती है, जब उसका ठीक से सदुपयोग किया जाये। आज यहां सीसी रोड का भी भूमिपूजन हुआ है। इसके बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आवास पखवाड़ा एवं स्वच्छता संवाद के कार्यक्रम आज आयोजित हुए हैं। इसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए कचरा प्रबंधन भलीभांति हो। जल संरक्षण, वॉटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण एवं कचरे के प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्ति मिली है।

ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में मंत्री श्री पटेल ने 21 लाख रुपये की लागत से बनाये गये नयाखेड़ा से टपरिया टोला पहुंच मार्ग का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा तिंदनी में शेढ़ नदी पर निर्मित नरसिंहपुर- सिमरिया- तिंदनी मार्ग उच्च स्तरीय पुल का भी लोकार्पण किया। इसकी लम्बाई 150 मीटर है। साथ ही नयाखेड़ा- इमलिया- गरगटा- गरारू मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पुल बन जाने से लोगों को अब काफी राहत मिलेगी।

नरसिंहपुर जिला मुख्यालय का फासला कम हुआ है। अब बगैर किसी परेशानी के लोग आसानी से आवागमन कर सकते हैं। नयाखेड़ा में प्रवेश करने पर यहां सड़क के दोनों ओर नरसिंहपुर जिले के पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, सरपंच से लेकर अब वर्तमान तक मंत्री, सांसद, विधायक एवं सरपंचों के नाम एवं फोटो बहुत ही आकर्षक तरीके से लगाई गई थी। मंत्री श्री पटेल एवं अतिथियों द्वारा इसकी सराहना की गई। मंत्री श्री पटेल ने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि नयाखेड़ा जैसी पंचायत को भारत सरकार द्वारा अवार्ड दिलाये जाने के लिए जो आवश्यक प्रारूप एवं जानकारी होती है, वह स्थानीय जनप्रतिनिधियों को प्रदान करें।

इनकी रही उपस्थिति - इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति काकोड़िया, कंछेदी पटेल, सरदार सिंह पटेल, राजेन्द्र ठाकुर, देवी सिंह, सुनील कोठारी, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सहायक कलेक्टर शुभम यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम दी महत्वपूर्ण जानकारी

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कमल जोशी, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशानुसार व अध्यक्षता में महिलाओ एवं बच्चो के विधिक अधिकारो के संबंध में आंगनवाडी कार्यकर्ताओ के लिये विशेष विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन 20 को एडीआर सेंटर नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जोशी द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो एक्ट के साथ ही महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न कानूनो के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होने आंगनवाडी कार्यकर्ताओ की समाज में विशेष पहुंच बताते हुये महिलाओ एवं बच्चो के विधिक अधिकारो को प्राप्त करने में उनकी विशेष भूमिका को रेखांकित किया, साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानो से अवगत कराते हुये बाल विवाह रोकने हेतु लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत राजीव के.पॉल द्वारा उपस्थित आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को आगामी माह 14 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत के प्रचार- प्रसार किये जाने के साथ ही अन्य कानूनी जानकारियो से अवगत कराया। सचिव जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर वैभव सक्सेना द्वारा महिलाओ को नि:शुल्क विधिक सहायता व सलाह योजना के साथ ही अन्य महिला कानूनो की जानकारी एवं ट्रोल फ्री न. 15100 की जानकारी दी। इस अवसर पर जिले के विभिन्न आंगनवाडी केन्द्रो की कार्यकर्ता एवं पैरालीगल वॉलेन्टियर उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पुलिस ने बालक को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

गाडरवारा देशबन्धु। पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालक, बालिकाओं की पतासाजी कर दस्तयाब करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा 11 वर्षीय नाबालिक बालक के गुम होने की सूचना के 04 घंटों में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है । प्रार्थी द्वारा दिनांक 19/11/2024 को शाम करीबन 8 बजे थाना गाडरवारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका 11 वर्षीय बालक बिना बताए कहीं चला गया है । आस-पास एवं अन्य रिश्तेदारों के यहां बहुत तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला है । प्रार्थी द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि उसकी नाबालिक लड़के को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है । प्रार्थी की रिपोर्ट थाना में अपराध क्रमांक 1276/2024 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । नाबालिक बालक की शीघ्र दस्तयाबी हेतु थाना गाडरवारा में विशेष पुलिस टीमें बनाई गई। नाबालिक बालक की तलाश हेतु गठित की गई । टीमों के द्वारा नगर में लगे सी.सी.टी.व्ही. फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया एवं स्थानीय स्तर पर पतासाजी उपराँत आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी एवं क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रीय किया गया। जिसके परिणामस्वरूप पुलिस टीम को पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहृत बालक रेल्वे स्टेशन गाडरवारा में हैं । सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन गाडरवारा पहुँचकर 11 वर्षीय अपहृत बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई।

काल भैरव की शोभा यात्रा 23 को

गाडरवारा देशबन्धु। प्रतिवर्ष संसार इस वर्ष भी शमशान घाट स्थित मोहित वाटिका काल भैरव मंदिर में दिनांक 21 नवंबर से 23 नवंबर तक तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज 21 नवंबर को झंडा पूजन, दिनांक 22 नवंबर को महाआरती तथा दिनांक 23 नवंबर को श्री काल भैरव बाबा की विशाल शोभायात्रा काल भैरव मंदिर से निकलकर नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए पंडित मुरारी व्यास के निवास पर काल भैरव बाबा का जल अभिषेक होने के बाद पुन: वापस मंदिर पहुंचेगी। दिनांक 25 नवंबर को मसान काल भैरव मंदिर में प्रसाद वितरण की जाएगी। मंदिर की व्यवस्थापक पंडित मुरारी व्यास ने धर्म प्रेम सज्जनों से इस अवसर पर उपस्थित होने की अपील की है।

कर्नल अजय मुशरान को दी गयी भावांजलि

नरसिंहपुर, देशबन्धु। पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर 20 नवम्बर को एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा भावाँजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं. मैथिलीशरण तिवारी, मनोहर लाल साहू, डॉ. सुधीर सिंघई एवं मनोहर हींगड़े द्वारा कर्नल मुशरान का पुण्यस्मरण करते हुये उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। भावांजलि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार अजय तुलसी एवं डॉ. पराग नेमा द्वारा तथा आभार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा किया गया। इसके पूर्व स्थानीय मुक्तिधाम स्थित स्व. कर्नल मुशरान की समाधि स्थल में पुष्पांजलि सभा एवं मौन श्रृद्धांजलि का आयोजन किया गया तथा एन.सी.सी. दल द्वारा सलामी दी गयी। इस अवसर पर दुलीचंद्र नेमा, राजेन्द्र मनोहर तिवारी, धनीराम पटेल, विपिन जाट, प्रदीप जाट, हसन खान, दीपक सोनी, डॉ कार्तिक साहू, सुधीर मिश्रा, गोविन्द दुबे, सचिन दुबे, राम पुरोहित, राजेश पटेल सहित एम.आई.एम.टी. स्टॉफ मेम्बर्स, एन.सी.सी केडिट्स एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

जिला स्तरीय महाविद्यालीयन महिला खो खो प्रतियोगिता आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु । नगर के शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव की छात्रा कु जयंती यादव बी.ए द्वितीय वर्ष का महाविद्यालयीन खो खो टीम में नरसिंहपुर जिले के दल में चयन 19 नवंबर दिन मंगलवार को जिला स्तरीय महिला महाविद्यालय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन नरसिंहपुर के ऑफिसर्स क्लब खो खो मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों एल एन रजक, डॉ.प्रहलाद पटेल, अर्पित सक्सेना, पिंटू दास,प्रशांत विश्वकर्मा,करीम खान, जगदीश सिंह ने मैदान का पूजन कर खो खो प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की । प्रतियोगिता में जिले के 6 महाविद्यालयो की टीम ने भाग लिया जिस में शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव की छात्रा कु जयंती यादव बी.ए द्वतीय वर्ष का महाविद्यालयीन खो खो टीम में नरसिंहपुर जिले के दल में चयन हुआ है, ।

खेल भावना जीवन में रखती है अहमियत : मंत्री सारंग

खेल मंत्री श्री सारंग ने गाडरवारा में स्टेडियम निर्माण की दी स्वीकृति, गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 10 फिट इंडिया क्लब खोले जाऐंगे

गाडरवारा देशबन्धु। खेल हमें जीवन में हार और जीत को समान भाव से स्वीकारने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। किसी गांव, कस्बे, शहर की पहचान वहां के खेल, खिलाड़ी और मैदान से होती है। किसी खेल में कौन जीता, कौन हारा यह महत्वपूर्ण नहीं होता है, बल्कि खिलाड़ी खेल के मैदान में उतरा है, यह महत्वपूर्ण होता है। यह उद्बोधन प्रदेश के सहकारिता एवं खेल व युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने गाडरवारा के रूद्र मैदान में आयोजित राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर दिये।

इस दौरान स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कौन कितना बड़ा खिलाड़ी बनेगा, यह दावा तो मैं नहीं कर सकता, किंतु जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुआ है, वह उतना ही अच्छा नागरिक बनेगा, यह दावा कर सकता हूं। खेल हमें नियमों से चलना एवं मर्यादा का पालन करना सीखाते हैं। जीवन में भी खेल भावना अहमियत रखती है। नियम कानून की मर्यादा में रहते हुए कैसे धैर्य के साथ अपने विरोधी को हराया जाता यही एक खिलाड़ी की पहचान होती है। गाडरवारा में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उच्चतम स्तर की खेल भावना का प्रदर्शन किया है। यह अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देता है।

मंत्री श्री सारंग ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ा एक किस्सा भी कार्यक्रम में साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार कुछ लोग उनके पास सन्यास लेने आये। स्वामी विवेकानंद ने उनसे कहा कि अगर देश के लिए कुछ करना हो, तो अपने शरीर, मन एवं मस्तिष्क को विकसित करें। देश खुद- ब- खुद अच्छा बन जायेगा। युवा खेलों को अपने जीवन

पांच दिवसीय राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

में अपनायेंगे तभी उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के खेलों को नई पहचान मिली है। खेलो इंडिया के माध्यम से देशभर में खेल की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास हुआ है। खेलों के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार ने भी अहम कदम उठाये हैं। खेलों के विस्तार के साथ- साथ खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय तकनीक एवं सुविधायें दी जा रही है। मध्यप्रदेश में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं से कई उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे, जो आने वाले समय में भारत का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकेंगे। खेल मंत्री श्री सारंग ने गाडरवारा शहर में स्टेडियम निर्माण किये जाने की घोषणा की। साथ ही गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 10 फिट इंडिया क्लब खोले जाने की भी स्वीकृति दी। मंत्री श्री सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि गाडरवारा में 5 दिन तक यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता आरंभ होने के पहले से और प्रतियोगिता के समापन होने तक गाडरवारा नगरवासियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवी संगठनों, समाजसेवियों, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों, मीडिया प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता निभाई। कल रात्रि जब मैं भोजन शाला में जाकर खिलाड़ियों से मिला, तो खिलाड़ियों ने बताया कि उनकी इच्छा गाडरवारा घूमने की थी। ऑटो चालक ने उन्हें घुमाया और इसके बदले उसने पैसे नहीं लिये। मैं यह सुनकर काफी प्रसन्न हुआ। आज इस आयोजन का समापन जरूर हो रहा है। एथलीट यहां से अच्छी यादें और राष्ट्रीय एकता की भावना लेकर लौंटेगें। आपसे सहयोग से ऐसी कई प्रतियोगितायें हमें यहां देखने को मिलती रहेंगी। उन्होंने गाडरवारा शहर में स्टेडियम निर्माण की बात भी मंच से खेल मंत्री श्री सारंग के समक्ष रखी।

पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें याद नहीं कि पहले कभी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन गाडरवारा में हुआ हो। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ी आये। कुछ जीतें हैं, कुछ हारे हैं। हारने पर निराश होने की आवश्यकता नहीं है। कठिन परिश्रम करें, अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए डटे रहें। आप निश्चित ही विजयी होंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर हुई। पुलिस बैंड, विद्यालयीन छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी हुई। समाजसेवी श्री हंसराज मालपानी द्वारा विजेता खिलाड़ियों को गाडरवारा की सुप्रसिद्ध दाल भेंट की गई। कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति - कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे, पूर्व विधायक नरेश पाठक व साधना स्थापक, वीरेन्द्र फौजदार सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, कलेक्टर शीतला पटले, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, एजजीएफआई के फील्ड ऑफीसर अजय सिंह चंदेल, खिलाड़ी, कोच, रैफरी, ऑफिशियल्स, खेल प्रेमी, सामाजिक संगठन, युवा, स्कूली छात्र- छात्रायें एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

कबड्डी प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में हरियाणा ने मारी बाजी, बालक एवं बालिका वर्ग में चैम्पियन टीमों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित - पांच दिवसीय 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइन मैच खेला गया। फाइनल मैच में बालक एवं बालिकाओं की अलग- अलग टीमों ने अपना- अपना प्रदर्शन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता व उप विजेता राजस्थान रही। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान महाराष्ट्र की टीम ने प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में विजेता हरियाणा व उप विजेता तमिलनाडु की टीम रही। तृतीय स्थान उत्तरप्रदेश की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विजेता, उप विजेता व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को कप शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में हरियाणा की टीम के बालक वर्ग में राहुल फोगाट एवं हरियाणा की ही टीम की बालिका वर्ग में स्नेहा जाखड़ को पुरस्कृत किया।

स्वर्णकार समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। संत सूरदास देव श्री रामानंद की भूमि पर समुदायिक भवन का लोकार्पण सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के आतिथ्य तथा सुरेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भवन का लोकार्पण किया गया। श्री देव रामानंद न्यास के कोषाध्यक्ष मुरारी लाल सोनी न्यास के बारे जानकारी देते हुए की गई पहल के लिए अतिथियों के उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि समाज को हर संभव आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें तभी सफलता संभव है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि न्यास एवं समाज ने मिलकर प्रशंसनीय कार्य किया है, समाज इस दिशा में आगे कार्य करें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सहायता करे। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने इस भवन की उपयोगिता बताते हुए हमें अपने जीवन में हमेशा सकारात्मक कार्यों को करना चाहिए । मंचासीन अतिथियो का देव रामानंद न्यास

एवं स्वर्णकार समाज द्वारा शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया ।

यामाहा शोरूम के संचालक दीपक संदीप सोनी ने अपने पिता स्व शंकर लाल सोनी की स्मृति में श्री देव रामानंद न्यास के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनी, उपाध्यक्ष जगदीश कुमार सोनी, सचिव विनोद कुमार सोनी,सह सचिव डॉ राजेन्द्र कुमार सोनी,कोषाध्यक्ष मुरारी लाल सोनी सह कोषाध्यक्ष गोविंद सोनी एमपीईबी ,सदस्य अरूण कुमार सोनी को अतिथियों द्वारा प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत में सामुदायिक भवन सहयोग देने समाज सेवियों को शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान न्यास के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष मुरारी लाल सोनी, नीलू जैन, पार्षद गोलू चौकसे, सुदर्शन वैद्य, रामेश्वर प्रसाद सोनी सेवा निवृत्त शिक्षक,स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारीगण टी आर सोनी,सुदामा प्रसाद सोनी, रामदास सोनी , भवानी सोनी, विजय सोनी,ज्ञानेश सोनी, त्रिलोक चंद सोनी, सुरेश कुमार सोनी, महिला प्रदेशाध्यक्ष स्वर्णकार अर्चना सोनी, निशा सोनी अध्यक्ष महिला जिला भाजपा,प्रियंका सोनी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष रामचरण सोनी तथा सहयोग डॉ गनेश कुमार सोनी व आभार प्रदर्शन मुरारी लाल सोनी ने किया।

आज की जरूरत है जैविक खेती की अति आवश्यकता है

नरसिंहपुर, देशबन्धु। किसान आध्यात्मिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग नरसिंहपुर के तत्वावधान में पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि ब्रह्माकुमार राजेंद्र भाई उपाध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग माउंट आबू, प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत ग्रामीण एवं श्रम विभाग, जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री, ब्रहमाकुमार चंद्रेश समन्वयक कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग माउंट आबू, महंत प्रीतम पुरी पूर्व

किसानों को किया गया सम्मानित

नगर पालिका अध्यक्ष, विशाल मेश्राम वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, आशुतोष शर्मा कृषि वैज्ञानिक, शिल्पी नेमा आत्मा परियोजना कृषि विस्तार अधिकारी, ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी जिला संचालिका नरसिंहपुर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्मा कुमार राजेंद्र भाई ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती हुई अनेक प्रकार की बीमारियों को देखते हुए को आज शाश्वत योगिक जैविक खेती की अति आवश्यकता है । कहा जाता है जैसा अन्य वैसा मन ।अत: भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए रासायनिक खाद मुक्त शुद्ध सात्विक गुणवत्ता युक्त पौष्टिक अन्न की अति आवश्यकता है जो की शाश्वत योगिक जैविक खेती से ही संभव है।

शांति दूत तिराहे पर मंत्री का हुआ स्वागत

गाडरवारा देशबन्धु। विगत दिवस राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर नगर गाडरवारा में पधारे खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का नगर के प्रतिष्ठित डागा परिवार द्वारा शांति दूत रहे पर स्थित प्रतिष्ठान में भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान मंत्री जी के साथ नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा भी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर की प्रतिष्ठित ज्ञानचंद्र डागा, बसंत डागा, पारस डागा, मिनेन्द्र डागा, कन्हैया लाल यादव, लखन पटेल, मनोज राय, राजेश शर्मा, चंद्रभान पटेल, रितेश डागा, नीतेश डागा, रोहित डागा, चितार्थ डागा के अलावा उनके मित्र मंडली एवं भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए